भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2270
उत्तर देने की तारीख 05.08.2024

स्वदेशी संस्कृति का अध्ययन

2270. डॉ. इन्द्रा हांग सुब्बा :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

विगत दस वर्षों के दौरान स्वदेशी संस्कृति का अध्ययन करने और परंपरागत ज्ञान का संरक्षण करने के लिए कितने केन्द्रों की स्थापना की गई है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

देश भर में स्वदेशी संस्कृति सहित लोक कला और संस्कृति के विभिन्न रूपों के संरक्षण, संवर्धन और परिरक्षण के लिए भारत सरकार ने वर्ष 1985-86 के दौरान देश में सात क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (जेडसीसी) स्थापित किए हैं, जिनके मुख्यालय पटियाला, नागपुर, उदयपुर, प्रयागराज, कोलकाता, दीमापुर और तंजावुर में स्थित हैं। ये जेडसीसी देश में नियमित आधार पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यकलापों और कार्यक्रमों का आयोजन करते हैं, जिसके लिए उन्हें वार्षिक सहायता अनुदान प्रदान किया जाता है।

इसके अतिरिक्त, पारंपरिक ज्ञान को परिरक्षित करने के लिए, संस्कृति मंत्रालय ने अपने विभिन्न स्वायत्त निकायों के अंतर्गत क्षेत्रीय केंद्र और परियोजना कार्यालय स्थापित किए हैं, जो अन्य बातों के साथ-साथ स्वदेशी संस्कृति सहित संस्कृति और विरासत के उत्थान और परिरक्षण के लिए कार्य करते हैं।

विगत 10 वर्षों के दौरान स्थापित किए गए ऐसे केंद्र निम्नलिखित हैं:

क्र. सं.	स्वायत्त निकाय	क्षेत्रीय केन्द्र/परियोजना कार्यालय	स्थापना का वर्ष
i.	सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र	दमोह	2022
ii.	राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय	वाराणसी	2018
		श्रीनगर	2021
iii.	इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र	पुद्दुचेरी	2017
		रांची	2017
		गुवाहाटी	2017
		त्रिशूर	2018
		वडोदरा	2018
		गोवा	2021
iv.	ललित कला अकादेमी	अहमदाबाद	2018
		अगरतला	2018
v.	संगीत नाटक अकादेमी	अगरतला (प्रलेखन केन्द्र)	2016
		झारखंड चंदनकियारी, छऊ केन्द्र	2018
vi.	साहित्य अकादेमी	दिल्ली स्थित मौखिक और जनजातीय साहित्य केन्द्र	2014

****